प्रेस नोट थाना खुटार
जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक 10.06.2026

थाना खुटार पुलिस टीम द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड में 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस सहित किया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी पुवायाँ महोदय के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी व तलाश वांछित/वारन्टी-जिलाबदर अपराधी व रोकथाम अवैध शराब-शस्त्र /अफीम चरस बिक्री-निर्माण के क्रम में थाना खुटार पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 09.06.2026 को वादी द्वारा थाना खुटार पर दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 -179/2026 धारा 333/65(2) बीएनएस व 5(m)/6 पॉक्सो एक्ट बाबत अभियुक्त गुड्डू पुत्र भजनलाल शर्मा नि0 ग्राम हरनाई, थाना खुटार, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी की 01 बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया था।

दिनांक 09.06.26 को थाना खुटार पुलिस टीम वांछित अभियुक्त की तलाश व क्षेत्र में शांति/कानून व्यवस्था हेतु मामूर थे। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गई कि मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त गुड्डू ग्राम धनसिंहपुर मोड , मैलानी रोड पर कहीं जाने की फिराक में घूम रहा है जिसके पास अवैध हथियार भी हो सकता है। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचे तथा अभियुक्त गुड्डू उपरोक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया, तो अभियुक्त गुड्डू पुत्र भजनलाल शर्मा नि0 ग्राम हरनाई, थाना खुटार, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया जिसमें आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में पुलिस द्वारा भी फायर किया गया तो अभियुक्त गुड्डू उपरोक्त के दोनों पैर में गोली लगी। अभियुक्त को समय करीब 23.00 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। जिसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0- 180/2026 धारा 109(1) बी.एन.एस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

गुड्डू पुत्र भजनलाल शर्मा उम्र करीब 27 वर्ष, नि0 ग्राम हरनाई, थाना खुटार, जनपद शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरण

1 मु0अ0सं0 - 179/2026 धारा 333/65(2) बीएनएस व 5(m)/6 पॉक्सो एक्ट, थाना खुटार, जनपद शाहजहाँपुर।

2 मु0अ0सं0- 180/2026 धारा 109(1) बी.एन.एस व 3/25/27 आयुध अधिनियम, थाना खुटार, जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान

दिनांक 09.06.2026 को समय करीब 23.00 बजे, ग्राम धनसिंहपुर मोड , मैलानी रोड से।

बरामदगी का विवरणः-

01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर नाल फंसा हुआ।

गिरफ्तार करने वाली टीमः –

प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार

उ0नि0 श्री विवेक कुमार

उ0नि0 श्री सोहनलाल

हे0का0 204 अमित कुमार दूबे